हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 4 अगस्त 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

सरहद पर तैनात जवानों की कलाई सजाने के लिए बहनों ने भेजी राखी
4



## खबर संक्षेप

### सावन महीना में रील प्रतियोगिता का किया जा रहा आयोजन

**सक्ती।** जिला प्रशासन द्वारा सावन का महीना में रील प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसका थीम सेलिब्रेट द मानसून मैजिक ऑफ सक्ती रखा गया है। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी अनुसार रील जमा करने की तिथि 14 अगस्त तक निर्धारित की गई है। परिणाम की घोषणा 15 अगस्त के दिन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 5000 रुपए, तृतीय पुरस्कार 2500 रुपए रखा गया है। साथ ही सांत्वना पुरस्कार के रूप में 1000 लाइक पार करने वाली हर रील पर इनाम मिलेगा। 1000 से ज़्यादा लाइक पर, प्रति लाइक एक रुपए का इनाम मिलेगा। उदाहरण के लिए 1500 लाइक आने पर 500 रुपए का इनाम दिया जाएगा। सावन रील प्रतियोगिता के लिए सुझाए गए स्थान तुर्री धाम - मानसून की हवा में भक्ति में डूब जाएं, दमाऊ धारा - झरनों की सुंदरता को कैद करें, चंद्रपुर (चंद्रहासिनी मंदिर) - सावन के दौरान आध्यात्मिक भव्यता का प्रदर्शन पर आधारित है। इन तीनों स्थानों का रील बनाकर प्रतिभागी रील प्रतियोगिता में भाग ले सकते है। रील्स 14 अगस्त की रात्रि तक पोस्ट करनी है। प्रतिभागी कई रील्स सबमिट कर सकते हैं, लेकिन केवल एक ही पुरस्कार के पात्र होंगे। प्राप्त जानकारी अनुसार सबसे ज़्यादा लाइक वाली रील विजेता मानी जाएगी। लाइक की गिनती 14 अगस्त रात 11:59 बजे तक की जाएगी।

### स्वर्णकार समाज का सामूहिक शिव-अनुष्ठान और रुद्राभिषेक आज

**चांपा।** स्वर्णकार समाज सर्किल चांपा तथा केंद्रीय स्वर्णकार समाज छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में सावन के अंतिम सोमवार को रुद्राभिषेक एवं शिवपूजन एक-दिवसीय कार्यक्रम मालिक भवन चांपा में सोमवार 4 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारी एवं व्यवस्था के लिए कार्यक्रम स्थल में आवश्यक बैठक आयोजित की गई । बैठक में सामूहिक रुद्राभिषेक और शिवपूजन में समिति और उप-समितियां बनाकर दायित्व दिया गया। केंद्रीय स्वर्णकार समाज के प्रमुख मधुसूदन सोनी ने कहा कि रुद्राभिषेक एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान हैं, जिसमें स्वर्णकर समाज के द्वारा सामूहिक रूप से भगवान शिवशंकर की पूजा-अर्चना और अभिषेक कार्यक्रम रखा गया हैं। इस अनुष्ठान का आयोजन पंडित दिनेश कुमार दुबे और सहयोगियों के मंत्रोच्चारण से मालिक भवन के सभागार में होगा। सोमवार को आयोजित रूद्राभिषेक और शिव पूजन कार्यक्रम को सफल बनाने स्वर्णकार समाज सर्किल, युवा और महिला समिति जुटे हुए हैं। अभी तक 17 जोड़ी के बैठने की सहमति मिल चुकी हैं।

### पुलिस द्वारा सर्च अभियान चला कर 13 वारंटी को किया गया गिरफ्तार

**अकलतरा।** क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा ब्यवस्था को बनाए रखने के लिए अकलतरा पुलिस के द्वारा असामाजिक तत्वों एवं फरार वारंटियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए 13 वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया। बीते रात्रि से रविवार की सुबह तक असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु पुलिस द्वारा क्षेत्र में विशेष सर्च अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों द्वार चिन्हित स्थानों पर रात्रिकालीन गस्त एवं दबिश दी गई, जिसमें अलग अलग जगहों से 13 फरार वारंटियों को पकड़ने में सफलता मिली। थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के निगरानी, गुण्डा, बदमाशों का उनके गतिविधियों में नजर रखने के लिए जिला स्तर पर विशेष सर्च अभियान चलाया जा रहा है साथ ही क्षेत्र में शांती व्यवस्था बनायें रखने हेतु निगरानीशुदा लोगों को हिदायत भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि लगातार अपराधों में संलिप्त रहने , मारपीट व गुण्डागर्दी की शिकायत वाले बदमाशो सहित निगरानी बदमाश एवं गुण्डा बदमाशों की सूची में शामिल किए जाने की प्रक्रिया पुलिस द्वारा की जा रही है।

### जिम्मेदार नगर निवेश विभाग नहीं दे रहा ध्यान

# 4 साल बाद भी 127 मकान का नहीं हो सका नियमितीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मकान नियमितीकरण को लेकर विभाग को 4 साल के भीतर 222 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से महज 95 मकान का ही नियमितीकरण हो सका है, जबकि अभी भी 127 मकान का नियमितीकरण किया जाना बाकी है। इसे लेकर जिम्मेदार नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के अफसर गंभीर नहीं है, जिसके चलते आवेदनों की संख्या बढ़ रही है।

गौरतलब है कि नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के अंतर्गत बलौदा, अकलतरा, पामगढ़, नवागढ़, सारागांव, शिवरीनारायण समेत अन्य नगर पंचायत क्षेत्र के ग्राम नगर निवेश के तहत आते हैं। इन क्षेत्रों में हर साल बड़े पैमाने पर मकान बनाएं जा रहे हैं। इन मकानों का ग्राम एवं नगर निवेश विभाग से नियमितीकरण करना जरूरी रहता है ताकि बाद में किसी तरह की कोई परेशानी ना हो, लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण इसका लाभ आवेदन देने वालों को नहीं मिल पा रहा है। स्थिति यह है कि 4 साल के भीतर विभाग को अवैध मकानों के नियमितीकरण को लेकर 222 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से महज 95 मकान का ही नियमितीकरण हो सका है वहीं अभी भी 127 अवैध मकान का नियमितीकरण किया जाना शेष है। देखा जाए तो ज्यादातर मकान बिना नियमितीकरण के ही चल रहे हैं। विभाग द्वारा आवेदन पर कार्यवाही नहीं की जाती, जिससे मामले सालों से लंबित है। ज्यादातर देखा जाए तो नगर एवं ग्राम निवेश के तहत आने वाले प्रमुख शहरी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मकान तो मुख्य मार्ग पर ही बना दिए गए हैं, लेकिन इनके नियमितीकरण को लेकर विभाग के अफसर गंभीर नजर तक नहीं आ रहे हैं। इसके अलावा अवैध रूप से मकान निर्माण होने की सूचना मिलने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सहायक संचालक नगर एवं ग्राम निवेश, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से ऐसे मकान संचालकों पर कार्यवाही भी किया जाना है, लेकिन इस तरह की कोई कार्यवाही नहीं हो पाने के चलते संचालकों के हौसले भी लगातार बुलंद होते चले जा रहे हैं। कार्यालय में पेयजल, शौचालय जैसी मुलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है।



#### 30 लाख से अधिक की वसूली बाकी

नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के द्वारा अवैध रूप से संचालित मकान के मालिकों से रिकवरी भी किया जाना रहता है ताकि रिकवरी की राशि शासन के खाते में जमा कराई जा सके। विभाग वसूली को लेकर भी गंभीर नहीं है जिसके चलते शासन का लाखों रुपया बकाया है। वहीं इसका फायदा संबंधित मकान के मुखिया उठा रहे हैं। इसे लेकर विभाग के अफसर कार्यवाही तक नहीं कर पा रहे हैं जिसके चलते अवैध मकान संचालकों के हौसले भी बुलंद होते चले जा रहे हैं। विभाग की 30 लाख से अधिक की वसूली अभी भी बाकी है।

#### कर रहे नियमितीकरण

4 साल के भीतर मकान के नियमितीकरण को लेकर 222 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 95 आवेदनों का नियमितीकरण किया गया है, बाकी पर काम चल रहा है। कार्यालय में पेयजल एवं शौचालय समस्या को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है।

-कपिल नाथ सोनी,
सहायक संचालक
नगर एवं ग्राम निवेश विभाग

### पुल पर मवेशियों का कब्जा...



**बिर्रा।** बिर्रा से भटगांव राज्य मार्ग में ग्राम बसंतपुर स्थित महानदी पुल पर इन दिनों आवारा मवेशियों का कब्जा हो गया है। इस मार्ग में चलने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। फोटो : हरिभूमि

# धार्मिक नगरी में शराब के अवैध कारोबार पर कस रहा शिकंजा

### दस दिन में 285 लीटर महुआ शराब जब्त, लाखों का लहान नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शिवरीनारायण क्षेत्र में शराब के अवैध कारोबार पर लगाम कसने पुलिस ने अभियान छेड़ दिया है।पिछले 10 दिनों में कच्ची शराब बनाने वाले कई स्थानों पर दबिश देकर कार्रवाई की गई। इस दौरान 285 लीटर अवैध महुआ शराब और 13.5 किलो गांजा जप्त किया है। लाखों रूपये का महुआ लाहन नष्ट किया गया। पुलिस ने 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में मदिरा प्रतिबंधित है। इसके बावजूद यहां अवैध शराब की सप्लाई खूब होती है। आसपास के गांव में महुआ शराब बनाकर क्षेत्र में सप्लाई की जाती है। धार्मिक नगरी की पवित्रता और सामाजिक शांति को बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने अवैध शराब व नशे के कारोबारियों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है।स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जागरूक नागरिकों से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलिस ने पिछले 10 दिनों में शराब बनाने वाले कई स्थानों पर दबिश देकर कार्रवाई की है। शिवरीनारायण पुलिस ने सघन अभियान चलाकर अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त चूल्हा, बर्तन, ड्रम, पाइपिंग जैसी सामग्री को मौके पर ही नष्ट किया। खेत, नहर, तालाबों के किनारे गुप्त रूप से चल रहे शराब निर्माण केंद्रों का पर्दाफाश किया गया। इस दौरान 16 आरोपियों से 285 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। करीब 200 बोरी महुआ लहांन को मौके पर नष्ट किया गया। वहीं 2 आरोपियों के कब्जे से 13.5 किलो गांजा जब्त कर एन डी पी एस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। सभी 18 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत करते हुए जेल भेजा गया।



नाले में बहाकर महुआ लहान को नष्ट करता पुलिसकर्मी।

#### महिला कमांडो टीम की तैनाती

शराब के अवैध कारोबार के विरुद्ध जनसहभागिता बढ़ाने थाना क्षेत्र के चयनित गांवों में महिला कमांडो नियुक्त की गई हैं। महिला कमांडो गांव-गांव में जागरूकता फैला रही हैं और अवैध शराब विक्रेताओं के विरुद्ध माहौल तैयार कर रही हैं। पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। धार्मिक नगरी में नशे का कारोबार नहीं चलने दिया जाएगा।



कोटमी सोनार पहुंचकर प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर चर्चा करते एसपी।

# ग्राम कोटमी सोनार में खुलेगी पुलिस चौकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम कोटमी सोनार में 15 अगस्त के आसपास चौकी स्थापना की प्रक्रिया औपचारिक रूप से प्रारंभ होने की संभावना है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के द्वारा कोटमी सोनार पहुंचकर प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया गया।

विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह के द्वारा फरवरी 2024 में छत्तीसगढ़ विधानसभा में कोटमीसोनार में पुलिस चौकी स्थापित किए जाने की मांग की गई थी। विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कोटमी सोनार की जनसंख्या 10 हजार से अधिक होने, जांजगीर-चांपा एवं बिलासपुर जिलों की सीमा पर स्थित होने के साथ यहां स्थित क्रोकोडायल पार्क राज्य का एक प्रमुख पर्यटन केंद्र होने से यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में सैलानियों के पहुंचने के चलते कोटमीसोनार क्षेत्र में सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यकता को ध्यान में रखकर यहां पुलिस चौकी स्थापित किए जाने की मांग की थी। विधानसभा में उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने प्रशासनिक औपचारिकताओं के पश्चात अब जाकर शासन ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। बताया जा रहा है कि कोटमीसोनार में तात्कालिक रूप से संसाधनों की कमी को देखते हुए प्रारंभिक चरण में यहां पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किया जा सकता है जिसे बाद में पुलिस चौकी के रूप में परिवर्तित किया जाएगा।

■ विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने विधानसभा में पुलिस चौकी स्थापित करने की थी मांग

### बीडीएम में मासूम की मौत, सिविल सर्जन ने माना स्टाफ की गलती

**चांपा।** बीडीएम अस्पताल में भोजपुर निवासी 2 वर्षीय आयुष देवांगन को 28 जुलाई की रात सांप काटने के बाद लाया गया था। रात की ड्यूटी में तैनात डॉक्टर सरिता नागरची अस्पताल में उपस्थित नहीं थीं और नर्सों ने यह कहकर वैक्सीन नहीं होने की बात कही कि मरीज को प्राइवेट अस्पताल ले जाने की बात कह दी। जबकि बाद में पता चला कि अस्पताल में वैक्सीन उपलब्ध थी। इस घटना से आक्रोशित परिजनों और भाजपा नेताओं ने 1 अगस्त को अस्पताल पहुंचकर जवाब-तलब किया और अस्पताल स्टाफ पर आरोप भी लगाए गए। बीडीएम अस्पताल प्रभारी नवल किशोर ध्रुवे ने घटना की जानकारी तत्काल उच्चाधिकारियों को दी। इसके बाद सिविल सर्जन एस. कुजूर ने स्वयं अस्पताल पहुंचकर पूरे मामले की गंभीरता से जांच की। सिविल सर्जन ने डॉक्टर और स्टाफ की गलती मानते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए।

### चाणक्य सभागार में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 10 को

**बिर्रा।** आचार्य चाणक्य सभागार भवन बिर्रा में रविवार 10 अगस्त को सुबह 11 बजे से प्रथम हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी बिलासपुर के सहयोग निःशुल्क अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में डॉक्टर रजनीश कुमार पांडे, डॉक्टर एस के धर ,डॉक्टर लक्ष्मी नारायण मिश्रा, डॉक्टर वैभव कौशिक, डॉक्टर अंबिकेश पांडे के अलावा अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। इस दौरान मरीजों को दवा भी दी जाएगी। शिविर के संयोजक मनोज कुमार तिवारी ने निशुल्क शिविर में आसपास के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।

# जिले में एक स्कूल ऐसा जहां दो प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

विकासखंड बम्हनीडीह के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बिर्रा में दो प्राचार्य काम कर रहे हैं।तत्कालीन कलेक्टर के आदेश के सालभर बाद भी व्याख्याता द्वारा वित्तीय प्रभार अपने पास रखा गया है। वहीं एक शिक्षिका के पास प्राचार्य का प्रशासनिक प्रभार है। ऐसे में इस स्कूल में दो प्राचार्य हो गए हैं।

■ विकासखंड बम्हनीडीह के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बिर्रा का मामला

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में पदस्थ व्याख्याता का प्राचार्य पद जाने के बाद भी वर्तमान प्राचार्य को वित्तीय अधिकार नहीं देने से वर्तमान प्राचार्य को बेवजह भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। व्याख्याता फागूलाल साहू जो पूर्व में प्राचार्य के पद पर पदस्थ थे। तत्कालीन कलेक्टर आकाश छिकारा के द्वारा अनुशासनहीनता, कार्य के प्रति घोर लापरवाही और रिजल्ट खराब आने के कारण फागूलाल साहू को प्राचार्य के पद से हटाकर उनके स्थान पर व्याख्याता मनीषा बेबी चौहान को प्राचार्य बनाया गया। मनीषा बेबी चौहान प्राचार्य के पद पर हैं। इसके बावजूद फागूलाल साहू द्वारा मनीषा बेबी चौहान को वित्तीय अधिकार नहीं दिया जा रहा है। व्याख्याता फागूलाल साहू बाकायदा प्राचार्य के कुर्सी पर बैठकर प्राचार्य का हस्ताक्षर भी करता है। वहीं मनीषा बेबी चौहान भी प्राचार्य का हस्ताक्षर करती हैं। वर्तमान प्राचार्य मनीषा बेबी चौहान के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी से लिखित में शिकायत भी की जा चुकी है। इसके बावजूद मनीषा बेबी चौहान को अब तक पूर्ण रूप से प्रभार नहीं मिल सका है। एक ही विद्यालय में दो-दो प्राचार्य का होना शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के लापरवाही को उजागर करता है। स्कूल में दो प्राचार्य यहां के छात्र-छात्राओं में और आसपास के गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। मनीषा बेबी चौहान का कहना है कि उनके अधिकारों का हनन किया जा रहा है। उनका कहना है कि कई बार जिला शिक्षा अधिकारी को मामले से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही। इधर फागूलाल साहू का कहना है कि विद्यालय में दो लोग प्रभार में हैं। उनका कहना है कि वित्तीय प्रभार खुद उनके पास है, जबकि प्रशासनिक प्रभार में चौहान मैडम है।




#### समीक्षा कर लेंगे फैसला

जितने भी प्राचार्यों के प्रभार पिछले वर्ष बदले गए हैं, उसकी परीक्षा फल की समीक्षा बैठक करके पुनः निर्णय लिया जाएगा।

-अश्वनी भारद्वाज, डीईओ जांजगीर-चांपा

### शिव मंदिरों में तैयारी पूरी, दूर-दूर से पहुंचकर श्रद्धालु करेंगे जलाभिषेक

# सावन का अंतिम सोमवार आज, होगी भोलेनाथ की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सावन के अंतिम सोमवार पर शिवालयों में देवाधिदेव महादेव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। श्रद्धालु दूर-दराज से आकर शिव मंदिरों में मत्था टेककर बिल्व पत्र चढ़ाकर दुग्ध एवं गंगाजल से भगवान महादेव का अभिषेक करेंगे। इसके लिए जिले के विभिन्न शिव मंदिरों में तैयारियां पूरी की जा चुकी है।

सावन के अंतिम सोमवार पर 4 अगस्त को व्रत रखकर श्रद्धालु विधि विधान से भगवान शंकर की पूजा अर्चना करेंगी। इस तारतम्य में जांजगीर के उमा महेश्वर मंदिर चंदनियापारा, सेंधवार महादेव, भीमा तालाब के पास स्थित काशीविश्वनाथ मंदिर, शिवमंदिर पुलिस लाइन, चांपा के हटरी बाजार स्थित शिव मंदिर, लक्ष्मणेश्वर महादेव खरौद, लिंगेश्वर महादेव नवागढ़, तुर्रीधाम और बाबा कलेश्वर नाथ पीथमपुर सहित अनेक शिवालयों में सारी तैयारियां पूरी की जा चुकी है।



#### लक्ष्मणेश्वर महादेव की होगी विशेष पूजा-अर्चना

**खरौद।** छत्तीसगढ़ की कांशी के नाम से विख्यात भगवान लक्ष्मणेश्वर महादेव की नगरी में सावन के अंतिम सोमवार को दिन भर भोले शंकर की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। इस दौरान भक्तों के द्वारा भगवान लक्ष्मणेश्वर महादेव को दूध, पंचामृत, गंगाजल, बेलपत्र, नारियल अर्पित किया जाएगा। साथ ही शिवलिंग पर धतूरा, भांग, चन्दन, चावल चढ़ाएंगे और तिलक लगाएं। भक्त जल्दी उठकर माता पार्वती और नन्दी को भी गंगाजल या दूध, पंचामृत से रुद्राभिषेक करते बिल्वपत्र अर्पित करेंगे। प्रसाद के रूप में भगवान शिव को घी शक्कर का भोग लगेगा। लक्ष्मणेश्वर धाम में सुबह से ही भक्त महानदी से जल भर कर शिवलिंग के पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचेंगे। इंदल देव सेवा समिति के द्वारा लक्ष्मेश्वर चौक खरौद में श्रावण रविवार को बाहर से आए हुए समस्त कावड़ यात्रियों भक्त जनों को सौरा धर्मशाला लक्ष्मणेश्वर चौक में निःशुल्क भोजन प्रसाद व रुकने की व्यवस्था किया गया।

#### क्षेत्र के कई मंदिरों में होगी पूजा अर्चना एवं प्रसाद वितरण

**बिर्रा।** ग्राम देवरीमठ में स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर में सोमवार 4 अगस्त को आखिरी सोमवार होने के कारण भोलेनाथ सेवा समिति देवरीमठ और क्षेत्र के श्रद्धालुओं के द्वारा विशेष पूजा अर्चना किया जाएगा। इसके साथ ही महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन भी रखा गया है। इसी तरह ग्राम पंचायत किकिरदा के ऊपरपारा के शिव मंदिर में भी पूजा अर्चना होगी और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसी तरह बस स्टैंड चौक किकिरदा के आगे में स्थित नया शिव मंदिर में भी पूजा अर्चना के साथ श्रद्धालुओं को खीर पुड़ी का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3,
बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### गेवरा के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिरुद्ध को दी गई विदाई

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा परियोजना के वरिष्ठ श्रमिक नेता वर्कमैन इंस्पेक्टर एवं कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह 31 जुलाई को अपनी सेवाएं पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर रिक्रिएशन क्लब गेवरा में भव्य सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां उनका भावभीनी विदाई दिया गया। सम्मान समारोह में गीत संगीत की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को भव्य और मनोरंजक बना दिया। कार्यक्रम में गेवरा परियोजना के महाप्रबंधक आरबी सिंदूर, एचएमएस फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रेशम लाल यादव, कांग्रेस प्रदेश सचिव तनवीर अहमद श्रमिक संगठन के पदाधिकारी, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं श्रमिक नेता उपस्थित रहे।

### संकटमोचन हनुमान मंदिर में रामायण गायन



**हरदीबाजार।** माँ दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार एवं हनुमान भक्तों के द्वारा सावन माह के पावन अवसर पर संकटमोचन हनुमान मंदिर बजरंग चौक सराईसिंगार में रामायण गायन का आयोजन कराया गया। समिति के द्वारा संकटमोचन हनुमान मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को सुंदर कांड का पाठ, हनुमान चालीसा, राम जी की आरती व हनुमान जी की आरती किया जाता है। सावन माह के शुक्रवार को रामायण गायन में भगवान शिवशंकर महादेव, भगवान श्रीराम व हनुमान जी के कथा का रसपान किया गया। रामायण गायन में रामकुमार यादव, रामलाल नेटी, संजय राठौर, गेंदराम पटेल, छतराम प्रजापति, मनोहर राठौर के अलावा समिति के अध्यक्ष निलेन्द्र राठौर, सुरेंद्र राठौर, डॉ. गणेश प्रभुवा उपस्थित थे।

### छठवीं राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का शुभारंभ

**कोरबा।** सीएसईबी ढोडीपारा स्थित सीनियर क्लब में 6वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आए योग प्रशिक्षार्थियों ने उत्कृष्ट योगाभ्यास का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद हितानंद अग्रवाल उपस्थित रहे। आयोजन में कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर, मंडल महामंत्री पुनीराम साहू, कोषाध्यक्ष अनिल वस्त्रकार, उपाध्यक्ष श्रीधर द्विवेदी, सह-संयोजक श्याम साहू, श्री अग्रवाल, संजय कुर्वंशी, दुर्गेश राठौर, अमृत लाल गुप्ता एवं निर्णायक मंडल के सदस्य शामिल रहे। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रकार के योग आसनों का सधे हुए अंदाज में प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा। इस राज्य स्तरीय चैंपियनशिप का उद्देश्य योग के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नई पीढ़ी में खेलों के प्रति रुचि पैदा करना है।

### अग्नि सुरक्षा कार्यशाला का हुआ आयोजन



**कोरबा।** श्री हरकिशन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल कोरबा ने शनिवार को कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के लिए अग्नि सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों में आग से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें आवश्यक सुरक्षा कौशल से लैस करना था। विशेषज्ञों द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में आग बुझाने वाले यंत्रों के उपयोग और आपातकालीन निकासी तकनीकों सहित व्यावहारिक प्रदर्शन शामिल थे।

## एसईसीएल के गेवरा और कुसमुंडा मेगा परियोजनाओं में लक्ष्य से आधा कोयला उत्पादन

# बारिश की चुनौती के बीच जुलाई में लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रही एसईसीएल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला उत्पादन में लक्ष्य से पीछे चल रहे एसईसीएल की खदानों के लिए बारिश ने चिंता और बढ़ा दी है। सावन में रुक-रुक कर हो रही तेज बारिश से एसईसीएल की मेगा परियोजनाओं में कोयला उत्पादन खासा प्रभावित हुआ है। एसईसीएल की

**खास बात**

- एसईसीएल में अब तक 65 .07 की जगह 51.25 मिलियन टन कोयला उत्पादन

मेगा प्रोजेक्ट में डेली कोल प्रोडक्शन तय लक्ष्य से आधा हो गया है। गेवरा व कुसमुंडा खदान में सबसे ज्यादा असर देखने को मिला है। एसईसीएल को जुलाई माह में 65.07 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य मिला था। जिसके मुकाबले कंपनी ने 51.25 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है।

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल की अन्य खदानों पर भी बारिश के कारण



फाइल फोटो

कोयला उत्पादन बाधित हुआ है। एसईसीएल की खदानों में उत्पादन घटने का सीधा असर विद्युत संयंत्रों पर पड़ता है। क्योंकि अधिकांश संयंत्रों में एसईसीएल की खदानों से ही कोयले की सप्लाई होती है। हालांकि विद्युत संयंत्रों में अभी वर्तमान जरूरत के अनुसार कोयले की उपलब्धता है। लेकिन खदानों में कोयला उत्पादन को लेकर यही हालात आगे भी रहे तो विद्युत संयंत्रों को कोयले की कमी से जूझना पड़ सकता है। जिले में संचालित एसईसीएल की लगभग सभी ओपन कास्ट माइंस में डीप फेस पर जहां से कोयला उत्खनन होता है, वहां पानी आ जाने के कारण कोयला उत्पादन में काफी सावधानी बरतनी पड़ रही है। इससे लक्ष्य के अनुसार कोयला उत्पादन प्रभावित हो रहा है। बात करें एसईसीएल कोरबा एरिया की तो कोरबा क्षेत्र को जुलाई माह में 0.56 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया गया था। जिसके मुकाबले 0.43 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया गया है। इसी तरह दीपका परियोजना में 2.56 मिलियन टन की जगह 2.44 मिलियन टन कोयला उत्पादन हुआ है। गेवरा क्षेत्र में 4.6 मिलियन टन की जगह 2.73 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया जा सका है। बात करें कुसमुंडा परियोजना की तो जुलाई माह में कुसमुंडा को 3.21 मिलियन टन का लक्ष्य दिया गया था। जिसके मुकाबले महज 1.23 मिलियन टन ही कोयला उत्पादन किया जा सका है।

**बीते वर्ष भी हासिल नहीं हुआ था उत्पादन लक्ष्य**

उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया ने एसईसीएल को इस वित्तीय वर्ष 212 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य दिया है। बीते वर्ष भी कंपनी उत्पादन लक्ष्य हासिल नहीं कर सका था। इस वित्तीय वर्ष के जुलाई माह में एसईसीएल को 65.07 मिलियन टन कोयला उत्पादन करना था जिसके मुकाबले 51.25 मिलियन टन ही कोयला उत्पादन किया जा सका है। वित्तीय वर्ष के चार माह समाप्त होने पर लक्ष्य से लगभग 78 प्रतिशत कोयला उत्पादन किया जा सका है।

## बारिश में टूटी लेमरू की सड़क आवागमन में हो रही दिक्कत



बारिश में क्षतिग्रस्त हुई सड़क।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में हो रही लगातार बारिश ने एक बार फिर अधूरी योजनाओं और घटिया निर्माण कार्य की पोल खोल दी है। बालको से लेमरू को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित घोंघीबारी गांव के पास बनी सड़क का किनारा पूरी तरह कट गया है, जिससे राहगीरों की जान पर बन आई है। बारिश के पानी ने सड़क की मजबूती को जैसे बहा ही दिया हो। अब हालात यह हैं कि वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को जान जोखिम में डालकर गुजरना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन फिसलने से लेकर भारी वाहनों के पलटने तक का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, यह सड़क महज तीन साल पहले बनाई गई थी, लेकिन इसके बाद एक बार भी मरम्मत नहीं कराई गई। नतीजा यह हुआ कि सड़क जगह-जगह से दरकने लगी और अब किनारे पूरी तरह धंस चुके हैं। ग्रामीणों और राहगीरों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि प्रशासन और संबंधित विभाग को कई बार स्थिति से अवगत कराया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लगता है किसी बड़े हादसे का इंतजार है, तब जाकर अफसर हरकत में आएंगे। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए, साथ ही उस ठेकेदार और विभागीय अधिकारी पर कार्रवाई हो, जिसकी लापरवाही से आज यह स्थिति बनी है।

# निरीक्षण के दौरान शिक्षकों की लापरवाही हुई उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत सभापति और भाजपा मंडल अध्यक्ष चतुर भुवन नायक शनिवार को अचानक औचक निरीक्षण पर निकले तो पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक की शिक्षा व्यवस्था और विकास कार्यों की पोल खुल गई। कई जगह उन्होंने लापरवाही, अधूरे काम और जिम्मेदारी से भागते अधिकारियों की हकीकत सबके सामने रख दी।

बताया जा रहा हैं की ग्राम पंचायत तुमान की प्राथमिक शाला में पहले से मिल रही शिकायतें सही साबित हुई। मौके पर दो शिक्षक बिना सूचना के गैरहाजिर पाए गए। इस पर श्री नायक ने तुरंत ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को फोन कर जांच के आदेश दिए और साफ कहा कि गलत पाए गए तो बख्शा नहीं जाएगा, कड़ी कार्यवाही होगी। माध्यमिक शाला

**खास बातें**

- जनपद पंचायत के सभापति और भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण
- अधूरे काम पर दो दिन का दिया अल्टीमेटम

तुमान में भी एक शिक्षक अनुपस्थित मिला, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी थी। माध्यमिक शाला के प्रार्थना सेट का निर्माण कार्य सालों से अधूरा पड़ा है, जो बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा बन चुका है। यह



निरीक्षण करते जनपद पंचायत सभापति व अन्य।

काम ग्राम पंचायत को सौंपा गया था, लेकिन कोई प्रगति नहीं हुई। इस पर श्री नायक ने सरपंच को फटकार लगाई और दो दिन में काम शुरू करने का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि अगर 2 दिन में काम चालू नहीं हुआ तो सख्त कार्यवाही होगी। इसी तरह स्कूल परिसर में टूटा हुआ बिजली का बोर्ड देखकर उन्होंने दो दिन में मरम्मत के आदेश दिए। हायर सेकंडरी स्कूल के पास मेन लाइन पर गिरा हुआ पेड़ देखकर नाराजगी जताई और विद्युत विभाग को तत्काल लाइन दुरुस्त करने को कहा। हायर सेकंडरी स्कूल का आहता निर्माण भी वर्षों से अधूरा है। इस पर श्री नायक ने कहा कि यह गंभीर जांच का विषय है, आखिर ये काम रुका क्यों और जिम्मेदार कौन? तुमान से अमझरा मार्ग बाढ़ में कट जाने की शिकायत मौके पर मिली। इस पर श्री नायक ने मौके पर ही विभागीय अधिकारियों को तुरंत मरम्मत और बहाली का आदेश दिया।

### छात्रा ने लगाई फांसी जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** 11वीं क्लास में पढ़ने वाली छात्रा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। शनिवार सुबह दुपट्टे से उसकी लाश कमरे में लटकी मिली। बताया जा रहा है रात को परिजनों ने स्कूल नहीं जाने पर छात्रा को फटकार लगाई थी। घटना बालको थाना क्षेत्र के सेक्टर 4 की है। यहां निवासरत 16 वर्षीय छात्रा अदिति सोलंकी निजी स्कूल में कक्षा 11वीं में अध्ययनरत थी। छात्रा ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।



### दो बाइक की आपस में भिड़ंत, तीन युवक घायल

**कोरबा।** प्रेमनगर चौक में शुक्रवार को युवकों को ओवरटेक करने की कोशिश भारी पड़ गई और दो बाइक आपस में टकरा गईं। टक्कर से तीनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे का लाइव वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह घटना दर्री थाना क्षेत्र की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइक एक ही दिशा में तेज रफ्तार से जा रही थीं। ओवरटेक करने के प्रयास में वे आपस में टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक सड़क पर करीब 15 फीट दूर जा गिरे। दुर्घटना में एक युवक सिर के बल सड़क पर घसीटता चला गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। बताया गया कि तीनों युवकों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था, जिससे हादसे की गंभीरता और बढ़ गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि अन्य दो को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ब्रेक डाउन ट्रेलर के किनारे खड़े तीन लोगों को कार ने कुचला, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ब्रेक डाउन ट्रेलर के चालक परिचालक हाईवे के किनारे अपनी वाहन का सुधार कार्य कर रहे थे, तभी कार ने चपेट में ले लिया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई है। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल किया गया है। दुर्घटना को अंजाम देने वाले कार चालक को भी चोट आई है। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले कार चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत मदनपुर के समीप हाईवे पर घटित हुई है। बताया जाता है कि एक ट्रेलर वाहन ब्रेक डाउन हो गई थी, जिसे सुधार कार्य करने के लिए झारखंड निवासी कृष्णा मुरारी पाण्डेय 42 वर्ष, सोनभद्र (यूपी) निवासी उस्मान खान, अमित पाण्डेय नामक युवक हाइवे पर खड़े हुए थे। इसी दौरान कटघोरा से अंबिकापुर की ओर जा रही कार क्रमांक सीजी 04 एलजी 7728 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए तीनों को अपनी चपेट में ले लिया।

# शराब की तस्करी करने वाला तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस को मिले मुखबीर की सूचना पर ग्राम तरदा बजरंग कंवर नामक व्यक्ति अपने घर के बाड़ी में अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब बिक्री करने के लिए रखा था। जैसे ही इसकी सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस मौके स्थल पर पहुंचकर घेराबंदी कर कार्यवाही की। पुलिस को आते देखकर शराब खरीदने वाले भाग गये और एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्तर में आरोपी।

कर लिया। पुलिस ने जब उसका नाम पता पूछा तो उसने उरगा थाना निवासी बजरंग सिंह कंवर पिता रतन सिंह कंवर उम्र 35 वर्ष निवासी तरदा का रहने वाला बताया, जिसके पास से पुलिस ने 10 लीटर प्लास्टिक जेरीकेन में भरे कच्ची महुआ शराब को जब्त कर लिया। बिक्री करने के संबंध में धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस देकर वैध दस्तावेज चाहा गया जो कोई दस्तावेज नहीं होना लिखित में दिया। अपने पास रखे महुआ शराब 10 लीटर एवं शराब बिक्री रकम 100 रूपये को पेश किया, जिसे समक्ष गवाह के मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

## महिला एवं बाल विकास विभाग का आयोजन

# किशोरी बालिकाओं को दी गई साइबर सुरक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत किशोरी बालिकाओं के लिए ऑनलाईन सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मेडिकल छात्रावास में किया गया, जिसमें मेडिकल की सभी छात्राएँ एवं स्टॉफ सम्मिलित हुए। उक्त कार्यशाला में पुलिस विभाग के मास्टर ट्रेनर के द्वारा छात्राओं को वर्तमान में हो रहे ऑनलाईन ठगी, डिजिटल अरेस्ट, मंहगे गिफ्ट का झांसा, शीघ्र लोन प्राप्ति हेतु अनजान एप्लीकेशन का उपयोग एवं सोशल मीडिया में एआई के माध्यम से हो रहे साइबर क्राइम से सतर्क रहने



बालिकाओं को साइबर सुरक्षा की जानकारी देते अधिकारी।

एवं इस प्रकार की घटनाओं से स्वयं को किस प्रकार सुरक्षित रखे इस पर विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया साथ ही महिला संरक्षण अधिकारी महोदया एवं विधिक प्राधिकरण से पारा लीगल वालेंटियर द्वारा लोक अदालत, निशुल्क विधिक सेवा, घरेलू हिंसा, भ्रूण हत्या निषेध, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह निषेध अधिनियम आदि किसी भी प्रकार से होने वाले आकस्मिक घटनाओं से बचाव एवं छेड़छाड़ से स्वयं को सुरक्षित रखने संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत मिशन शक्ति के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्प लाईन 181, चाल्ड हेल्प लाईन 1098 आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। आज इस कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा टीम से 2 मास्टर ट्रेनर, महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत महिल सरंक्षण अधिकारी श्रीमती रजनी मारिया, जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) से जिला मिशन समन्वयक श्रीमती रत्ना नामदेव एवं सविता बजरंगी, डेमन ओग्रे साइबर एक्सपर्ट, विरकेश्वर प्रताप सिंह साइबर एक्सपर्ट, श्याम सिदार साइबर सेल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पारा लीगल वालेंटियर श्रीमती उमा नेताम उपस्थित हुए।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्युलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. स्पायरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतों की रूकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, परीवटनी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# ‘सन ऑफ सरदार 2’ में रोहित शेट्टी को देख झूम उठे दर्शक

**मुंबई।** पिछले काफी समय से दर्शकों को अजय देवगन की फिल्म ‘सन ऑफ सरदार 2’ का इंतजार था। अब आखिरकार 1 अगस्त को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की तरफ से बढ़िया प्रतिक्रिया मिल रही है, जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करेगी। ‘सन ऑफ सरदार 2’ में लोकप्रिय निर्देशक रोहित शेट्टी ने कैमियो किया है, जिसकी पहले किसी को खबर नहीं थी। ‘सन ऑफ सरदार 2’ में रोहित को देखकर दर्शक खुशी से झूम उठे। फिल्म में उनका कुछ सेकंड का ही कैमियो है। कहा जा रहा है कि इसी के साथ रोहित और अजय ने फिल्म ‘गोलमाल’ की पांचवीं किस्त का आधिकारिक ऐलान कर दिया है।

लाइफ Style

# जाह्नवी



जल्द ही कई नई जोड़ियां फिल्मों में नजर आएंगी। इन्हीं में से एक है सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की जोड़ी, जो फिल्म ‘परम सुंदरी’ में दिखने वाली है। यह पहले बीती 25 जुलाई को रिलीज होने वाली थी।

## ‘परम सुंदरी’ की नई रिलीज तारीख जारी

एजेंसी ⏭ मुंबई

अजय देवगन की फिल्म ‘सन ऑफ सरदार 2’ से बचने के लिए फिल्म को रिलीज टाल दी गई। हालांकि, ये नहीं बताया कि फिल्म पर्दे पर कब आएगी और अब इसकी नई रिलीज तारीख का ऐलान भी हो गया है। दिनेश विजान के प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स के बैनर तने बनी यह फिल्म अब 29 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

प्रोडक्शन हाउस की ओर से सोशल मीडिया पर जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर के साथ-साथ इसकी रिलीज का ऐलान हुआ है। पोस्ट में लिखा है, ‘दिनेश विजान आपके लिए लेकर आ रहे हैं साल की सबसे बड़ी प्रेम कहानी ‘परम सुंदरी’। यह 29 अगस्त को सिनेमाघरों में आ रही है।’ ‘परम सुंदरी’ का टीजर मई में आया था। इसमें सिद्धार्थ को उत्तर भारत के लड़के परम और जान्हवी को साउथ की लड़की सुंदरी के रूप में दिखाया गया था। टीजर में सोनू निगम की आवाज में गाने की कुछ लाइनें भी सुनने को मिली थीं। इस टीजर को काफी पसंद किया गया था। इसके सामने आने के बाद फैंस फिल्म के लिए उत्साहित हो उठे थे। हालांकि, अभी इसके पर्दे पर आने के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा।

हॉलीवुड मसाला



# एक हफ्ते में सिमटी कमाई...

**लॉस एंजिल्स।** एक्शन, एडवेंचर से भरपूर हॉलीवुड फिल्म ‘द फैंटास्टिक फोर’ को भारत में शुरुआती दिनों में अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। लेकिन एक हफ्ता पूरा होते ही इस फिल्म की कमाई लाखों में सिमट कर रह गई है। जानिए, आज मार्वल स्टूडियोज की इस सुपरहिट फ्रैंचाइज फिल्म ने कितना कलेक्शन किया है। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार फिल्म ‘द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप’ ने 7वें दिन 46 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म का कुल कलेक्शन अब तक 26.35 करोड़ रुपये हो चुका है।



# छह साल बाद ‘ड्यून पार्ट 3’ के लिए बदला लुक...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेसन मोमोआ ने छह साल बाद पहली बार अपनी दाढ़ी बनवाई है। उन्होंने यह सब अपनी आगामी फिल्म ‘ड्यूनः पार्ट थ्री’ के लिए किया है। आगामी सीक्वल की शूटिंग शुरू होते ही जेसन अपने डंकन इडाहो के कैरेक्टर में वापस आ गए हैं। वीडियो में ड्यून के निर्देशक डेनिस को संबोधित करते हुए जेसन ने कहा, ‘सिर्फ तुम्हारे लिए डेनिस’। उन्होंने अपनी दाढ़ी पर क्लिपर लगाने के बाद अपनी हॉफ बियर्ड वाले चेहरे पर हाथ रखते हुए कहा कि हे भगवान, मुझे इससे नफरत है। फ्रैंक हर्बर्ट की किताबों में डंकन का किरदार एक क्लोन के रूप में वापस आता है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि फिल्म में भी डंकन का किरदार उसी तरह से वापस आएगा या किसी और तरीके से वापसी करेगा।



# हवाई अड्डे पर पैपराजी पर भड़कीं रिया


**मुंबई।** अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। रिया को हाल ही में मुंबई हवाई अड्डे पर देखा गया, जहां पैपराजी ने उन्हें घेर लिया और कुछ तस्वीरें खिंचवाने का आग्रह किया। इसके बाद रिया ने मुस्कुराते हुए तस्वीरें खिंचवाने के लिए पोज दिया। हालांकि, इस दौरान वह अच्छे मूड में नहीं थीं और वह तमाम पैपराजी पर भड़क गईं। रिया वीडियो में पैपराजी को डांटती नजर आ रही हैं। रिया ने पैपराजी से कहा, अब मेरे पीछे मत आओ। मैंने तस्वीरें दे दी हैं, बाय। इसके बाद वह तुरंत वहां से चली गईं। इस वीडियो पर प्रशंसक तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक ने लिखा, ‘कितना घमंड है।’ एक अन्य ने लिखा, ‘भाई तुम लोगों का इतना दिन खराब हो गया कि इसे भाव देते हो।’



# द राजा साब की रिलीज एक बार फिर टली

**मुंबई।** अभिनेता प्रभास पिछले काफी समय से फिल्म ‘द राजा साब’ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उनकी यह हॉरर कॉमेडी फिल्म पहले इस साल 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसे 5 दिसंबर, 2025 के लिए टाल दिया गया। अब खबर आ रही है कि ‘द राजा साब’ के लिए दर्शकों को थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है। दरअसल, निर्माताओं ने एक बार फिर फिल्म की रिलीज टाल दी है। ‘द राजा साब’ को अब अगले साल संक्रांति के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इस लिहाज से यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को दर्शकों के बीच आएगी। अगर निर्माताओं ने ‘द राजा साब’ की रिलीज को टाला तो बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना रणवीर सिंह की ‘धुरंधर’ और शाहिद कपूर की ‘रोमियो’ से नहीं होगा।

टीवी मसाला



# ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3’ में पति राघव संग आएंगी परिणीति

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा के कॉमेडी शो ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो’ का तीसरा सीजन पहले दिन से ही दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रहा है। इस शो के नए एपिसोड का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार करते हैं। अब ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3’ का नया प्रोमो वीडियो सामने आ गया है। शो में नए एपिसोड में अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा अपने पति और आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा के साथ नजर आने वाली हैं। द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3’ के नए प्रोमो में परिणीति और राघव शो के होस्ट कपिल के साथ खूब मस्ती और बातचीत करते नजर आ रहे हैं। नेटफ्लिक्स ने प्रोमो साझा करते हुए लिखा, ‘हंसी की सेंसेशंस होगी हर बार, क्योंकि राघव चड्ढा और परिणीति चोपड़ा आ रहे हैं इस फनीवार।’ ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3’ के इस एपिसोड को आप 2 अगस्त को रात 8 बजे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

## ‘क्योंकि सास...’ के नए सीजन में पुराने कलाकारों की कमी दर्शकों को खली

एकता कपूर के सबसे लोकप्रिय धारावाहिकों में से एक ‘क्योंकि सास भी कभी बहू थी’ के दूसरे सीजन का शानदार आगाज हो गया है। इस शो के अब तक 2 एपिसोड टेलीकास्ट हो गए हैं, जिसे देखकर दर्शकों की पुरानी यादें ताजा हो गईं। करीब 25 साल बाद स्मृति ईरानी एक बार फिर तुलसी बनकर लौटी हैं। हालांकि, इस बार कुछ ऐसे कलाकार शो से गायब हैं, जो पहले सीजन का अहम हिस्सा थे ‘क्योंकि सास...’ के नए सीजन में सुधा शिवपुरी नहीं दिख रही हैं। पहले सीजन में उन्होंने बा का किरदार निभाया था। इस शो में बा विरानी परिवार की सबसे बुजुर्ग महिला थीं, वह तुलसी का हमेशा साथ देती थीं। पहले सीजन में ही उनकी मौत को दिखाया गया था। शो में तुलसी की सास सविता का किरदार अपरा मेहता ने निभाया था। वह भी नए सीजन का हिस्सा नहीं हैं, क्योंकि पुराने सीजन में उनकी मौत को दिखाया गया था। ‘क्योंकि सास भी कभी बहू थी’ में तुलसी के बड़े बेटे गौतम का किरदार सुमित सचदेव ने निभाया था, लेकिन वह शो के नए सीजन में नजर नहीं आ रहे हैं।



# विजय की ‘किंगडम’ ने कमाई में पछाड़ा कुबेर और ठग लाइफ को

**मुंबई।** काफी समय से विजय देवरकोंडा फिल्म ‘किंगडम’ को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है, जिसका हिंदी नाम ‘साम्राज्य’ है। फिल्म को समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली, वहीं दर्शक भी विजय के एक्शन की जमकर तारीफ कर रहे हैं। ‘सैयारा’ के तूफान के बीच ‘किंगडम’ ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। आइए जानें फिल्म के खाते में पहले दिन कितने करोड़ रुपये आए।

***पहले दिन फिल्म ने छापे इतने नोट*** : बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, ‘किंगडम’ ने रिलीज के पहले दिन यानी गुरुवार को 15.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया। हालांकि, ये शुरुआती आंकड़े हैं और आधिकारिक आंकड़े सामने आने के बाद उनमें थोड़ा बहुत फेरबदल हो सकता है। वीकेंड पर फिल्म की कमाई में और उछाल देखने को मिल सकता है। ‘किंगडम’ ने धनुष की ‘कुबेर’ (14.75 करोड़) और कमल हासन की ‘ठग लाइफ’ (15.5 करोड़) के पहले दिन की कमाई को पीछे छोड़ दिया है।



### ‘किंगडम’ में नजर आ रहे ये कलाकार

*‘किंगडम’ में विजय एक गुप्त मिशन पर निकले भारतीय जासूस ‘सूरी’ का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में उनका दमदार एक्शन देखने लायक है। ‘किंगडम’ के निर्देशन की कमान गौतम तिन्नानुरी ने संभाली है, जिन्हें शाहिद कपूर और मृणाल ठाकुर की फिल्म ‘जर्सी’ (2022) के लिए जाना जाता है। फिल्म की कहानी भी गौतम ने ही लिखी है। इस स्पाई थ्रिलर फिल्म में सत्यदेव और भाग्यश्री बोरसे जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं।*

# अजय देवगन की फिल्मों ने की जमकर कमाई, कई तो बुरी तरह पिटीं

**मुंबई।** अभिनेता अजय देवगन साल 2012 में आई अपनी फिल्म ‘सन ऑफ सरदार’ का सीक्वल लेकर दर्शकों के बीच हाजिर हो गए हैं। विजय कुमार अरोड़ा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस कॉमेडी फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। आइए हम आपको अजय की सिनेमाघरों में आईं पिछली 5 फिल्मों और बॉक्स ऑफिस पर उनके प्रदर्शन के बारे में बताते हैं।

**‘औरों में कहां दम था’**: शुरुआत करते हैं फिल्म ‘औरों में कहां दम था’ से, जिसका निर्देशन नीरज पांडे ने किया था। इसमें अजय की जोड़ी तब्बू के साथ बनी थी। जिमी शेरगिल और सई मांजरेकर ने भी इस फिल्म में अभिनय किया था। हालांकि, यह फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई। ‘औरों में कहां दम था’ ने दुनियाभर में केवल 15.75 करोड़ रुपये कमाए थे, जबकि फिल्म का बजट 100 करोड़ रुपये था। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।

**‘सिंघम अगेन’** : इस फेहरिस्त में दूसरा नाम फिल्म ‘सिंघम अगेन’ है। इसमें अजय के अलावा अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ भी नजर आए थे। लंबी-चौड़ी स्टार कास्ट वाली इस फिल्म से काफी उम्मीदें थीं। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन कर पाई। 350 करोड़ रुपये की लागत में बनी ‘सिंघम अगेन’ ने दुनियाभर में 372.4 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है।




**‘नाम’** : पिछले साल के अंत में अजय फिल्म ‘नाम’ लेकर आए थे। यह फिल्म अपने बनने के 10 साल बाद हुई थी। दरअसल, फिल्म की शूटिंग 2014 में पूरी हो गई थी, लेकिन निर्माता की मौत के चलते फिल्म 10 साल बाद रिलीज हुई। हालांकि, यह फिल्म कब आई और कब चली गई, किसी को पता भी नहीं चला। ‘नाम’ ने टिकट खिड़की पर सिर्फ 72 लाख रुपये कमाए थे। यह फिल्म अब तक किसी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नहीं आई है।

**‘आजाद’**: अजय की फिल्म ‘आजाद’ को 17 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। खास बात यह है कि इस फिल्म से अजय के भांजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने बॉलीवुड मे कदम रखा था। अभिषेक कपूर के निर्देशन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरी। 80 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में केवल 8 करोड़ रुपये कमाए थे। ‘आजाद’ ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

**‘रेड 2’**: पिछली बार अजय फिल्म ‘रेड 2’ में नजर आए थे, जो 1 मई, 2025 को रिलीज हुई। इस फिल्म का दर्शकों ने जमकर मनोरंजन किया। इसमें वाणी कपूर और रितेश देशमुख ने भी अहम भूमिका निभाई थी।

## इमोशनल और इंटेंस सीन गहराई से छू रहे हैं दर्शकों को

# ‘धड़क 2’: तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की जोड़ी ने मचाया धमाल

**मुंबई।** तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म ‘धड़क 2’ का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म को समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली, वहीं दर्शक भी इस फिल्म की कहानी और तृप्ति-सिद्धांत की अदाकारी की तारीफ कर रहे हैं।

### लोगों को पसंद आई तृप्ति-सिद्धांत की जोड़ी

‘धड़क 2’ महज एक प्रेम कहानी नहीं है, बल्कि यह पहचान, आत्म-सम्मान, सामाजिक संघर्ष और प्यार की कीमत जैसे गहरे और संवेदनशील विषयों को भी छूती है। तृप्ति और सिद्धांत की जोड़ी को दर्शकों से जबरदस्त सराहना मिल रही है। दोनों के बीच की केमिस्ट्री लोगों का दिल जीत रही है। इस रोमांटिक ड्रामा में तृप्ति ने विधि और सिद्धांत ने नीलेश की भूमिका निभाई है। फिल्म में उनके इमोशनल और इंटेंस सीन दर्शकों को गहराई से छू रहे हैं।

### हकीकत दिखाती है यह फिल्म

‘धड़क 2’ की कहानी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। एक यूजर ने लिखा, ‘कुछ कहानियां दिल को छूती हैं और कुछ दिमाग को, मगर ‘धड़क 2’ दोनों को छूती है। जातिवाद का मुद्दा शहरों में भी देखने को मिलता है। यह फिल्म ईमानदारी से यह हकीकत बताती है।’ एक यूजर फिल्म को 4 स्टार देते हुए लिखते हैं, ‘तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की जोड़ी बेहद शानदार है। यह बेहतरीन फिल्म है। जरूर देखें।’



### इस फिल्म की जान हैं तृप्ति

एक यूजर ने लिखा, ‘सामाजिक मुद्दों पर बनी एक फिल्म में 2 खूबियां होनी चाहिए यानी कहानी कहने में साहस और अभिनय में ईमानदारी। धड़क 2 में ये दोनों खूबियां कूट-कूट कर भरी हैं। सब कुछ जमता है। अभिनय, संवाद, भावनात्मक गहराई, प्रतिशोध के प्रति गुस्सा और संदेश।’ दूसरे लिखते हैं, ‘तृप्ति फिल्म में सिर्फ अभिनय ही नहीं कर रही हैं, बल्कि वे विधि का भी रूप धारण कर रही हैं। यह उनका अब तक का सबसे बेहतरीन काम है।’

### ‘धड़क 2’ के बारे में जानिए

इस फिल्म के निर्देशन की कमान शाजिया इकबाल ने संभाली है, वहीं करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं। राहुल बडवेलकर ने इस फिल्म की कहानी शाजिया के साथ मिलकर लिखी है। सिद्धांत और तृप्ति के अलावा इस फिल्म में आशीष चौधरी, विपिन शर्मा, मंजिरी पुपला, दीक्षा जोशी, अशवंत लोधी, अमित जाट, प्रियांक तिवारी, मयंक खन्ना और आदित्य ठाकरे जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं। बता दें कि ‘धड़क 2’ साल 2018 में आई फिल्म ‘धड़क’ का सीक्वल है।

**खबर संक्षेप**

## सभापति के प्रयास से घुठिया में लगा नया ट्रांसफार्मर



**जांजगीर-चाम्पा।** नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत घुठिया के स्कूलपारा में जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति राजकुमार साहू के अथक प्रयास से नया ट्रांसफार्मर लगवाया गया। ग्रामीणों की मांग पर गांव के स्कूलपारा में इलेवन तार सहित नया ट्रांसफार्मर लगवाया गया, जिससे अब ग्रामीणों को लोओलटेज की समस्या व बिजली बंद की समस्याओं से निजात मिलेगा। श्री साहू ने उपस्थित ग्रामीणों को कहा कि जब से केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार बनी हैं, तभी से गांव-गांव में विकास की गंगा बह रही हैं। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन भी किया जा रहा हैं। ताकि ग्रामीणों को इस योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। सभापति का गांव के सत्यनारायण पटेल, मनीराम पटेल, चिरौंजी लाल पटेल, राजकुमार खरसन-सरपंच प्रतिनिधि, माखन लाल पटेल, मया लाल यादव, जय कुमार पटेल, दीलिप कुमार,आनंद राम यादव, पवन कुमार पटेल, रामबिलास पटेल, राजकुमार पटेल ने आभार व्यक्त किया हैं।

## तुलसी दास जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन



**मुलमुला।** तुलसीदास की जयंती पर गुड़ी चौक मुलमुला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान रामचरित मानस की विशेषताओं का वर्णन किया गया। गुड़ी चौंक मुलमुला मे विगत सात वर्षों से प्रतिदिन शाम 7 बजे से रामचरित मानस का गायन किया जाता है। मानस मंडली के सदस्यों द्वारा गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सेवानिवृत्त प्रधान पाठक शंकर सिंह द्वारा रामचरित मानस की विशेषताओं का वर्णन किया गया। रामचरित मानस कलयुगी जीवों के लिए भवसागर पार उतरने का सुलभ साधन है। रामअवतार दुबे द्वारा अयोध्या काण्ड के ऊपर प्रवचन किया गया। धिरेन्द्र सिंह सेवानिवृत्त प्राचार्य के द्वारा सभा का संचालन किया गया एवं आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से योगेश्वर सिंह, ब्रह्मेश्वर सिंह, सिद्धेश्वर सिंह, इन्द्रजीत सिंह अधिवक्ता, शशिभूषण सिंह प्रधान पाठक, नवीन सिंह एवं प्रमुख ग्राम वासी उपस्थित थे।

## छात्रों को वितरित किए गए महतारी दुलारी योजना के चेक



**चांपा।** लायंस इंग्लिश हायर सेकंडरी स्कूल चांपा में छत्तीसगढ़ शासन की महतारी दुलारी योजना के अंतर्गत पात्र छात्र-छात्राओं को चेक वितरित किए गए। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष सोनी एवं चेयरमैन लायन रामप्रपन्न देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्रों को चेक वितरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर चेयरमैन लायन रामप्रपन्न देवांगन ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह योजना न केवल आर्थिक सहायता देती है, बल्कि बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने का आत्मबल भी प्रदान करती है। आप सभी मेहनत और लगन से पढ़ें और अपने माता-पिता का सपना पूरा करें। वहीं लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष सोनी ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आपका प्रयास ही आपकी पहचान बनेगा। यह सहायता आपके भविष्य को दिशा देने का एक साधन है इसे अवसर की तरह अपनाएं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अजीता वी. के. ने शासन एवं लायंस क्लब का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों से योजना का सदुपयोग कर निरंतर प्रगति करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। चेक पाकर छात्रों के चेहरे पर प्रसन्नता झलक रही थी। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

**निधन**

### श्रीमती हेमबाई साहू



**बिर्रा।** ग्राम सिलादेही की प्रतिष्ठित महिला श्रीमती हेमबाई साहू का 108 वर्ष की उम्र में 30 जुलाई की शाम निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके सुपौत्र मालिक राम साहू ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु सहित ग्रामीण शामिल हुए। वे जवाहर साहू एवं यज्ञनारायण साहू की दादी थी।

भारत स्काउट्स व गाइड्स जिला संघ ने राज्य मुख्य आयुक्त को सौंपी 4719 राखियां

# सरहद पर तैनात जवानों की कलाई सजाने के लिए बहनों ने भेजी राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जिला मुख्य आयुक्त को राखियां सौंपती स्काउट्स गाइड की छात्राएं।

रक्षा की हर डोर में अब छत्तीसगढ़ की बहनों का प्रेम बंधा है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर द्वारा रक्षाबंधन पर एक राखी सैनिक भाइयों के नाम अभियान जिले सहित राज्य भर में चलाया गया।

इस अभियान का आह्वान स्वयं राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने किया था, भावनाओं का सैलाब ऐसा उमड़ा कि पूरे प्रदेश से 31 हजार राखियां भेजने के लक्ष्य से दुगुने 60 हजार से अधिक राखियां सेना के लिए बनकर तैयार हो गईं। डॉ. सोमनाथ यादव के आह्वान ने जैसे हर बहन के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जगा दिया। बुलबुल, गाइड्स, रेंजर्स, शिक्षिकाएं-सभी ने एक सुर में, एक उद्देश्य के लिए अपने हाथों से राखियां बनाईं। इन राखियों में सिर्फ धागा नहीं, बल्कि श्रद्धा, आभार और स्नेह की वो शक्ति है जो सरहद पर खड़े जवानों के हृदय से बंधती है। जिले के 50 से अधिक विद्यालयों ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के अभियान में भाग लेकर 4800 से अधिक राखियां, भावपूर्ण पत्रों और चॉकलेट्स सहित सैनिकों के लिए भेजी। इस अभियान को सफल बनाने में जिला मुख्य आयुक्त हितेश यादव, डीईओ अश्वनी कुमार भारद्वाज, डीटीसी गाइड डॉ. धनमत महंत, संयुक्त सचिव श्रीमती गौरी साहू, श्रीमती अरुणा व्यास मिरी, डीओसी गाइड कु. श्वेता जायसवाल, वरिष्ठ गाइडर श्रीमती दुर्गेश नंदनी राठौर, श्रीमती प्रतिभा यादव, देवकी वैष्णव, श्रीमती ममता बिंझवार, कु. ख्याति सोनी, श्रीमती नंदनी यादव, कु. पायल पटेल, व्याख्याता श्रीमती कविता साहू, श्रीमती प्रतिभा तिवारी, कु. अनीता टांडे, श्रीमती दीप्ति यादव, श्रीमती कुमुदनी शर्मा ने सक्रिय भूमिका निभाई। पतंजलि महिला योग समिति की श्रीमती मनीषा गोपाल पार्षद व नपा परिषद जांजगीर-नैला वार्ड की पार्षद श्रीमती प्रीति यादव ने भी इस अभियान में साथ दिया। इस राष्ट्र सेवा अभियान में डाक विभाग जांजगीर की सहभागिता सराहनीय रही। सब डिविजन इंस्पेक्टर निखिल गोपाल, पोस्ट मास्टर देवेंद्र धृत लहरे एवं धीरेंद्र राठौर ने राखियों के संकलन और प्रेषण में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। जिला सचिव दीपक कुमार यादव, जिला प्रशिक्षण आयुक्त पूरनलाल पटेल एवं डीओसी डॉ. सुरेंद्र कुमार सोनी ने पूरे अभियान के दौरान विद्यालयों से सतत संपर्क व निगरानी की। ये सभी राखियां, पत्र और स्नेह संदेश राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव को जिला सचिव दीपक कुमार यादव एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट पूरनलाल पटेल द्वारा सौंपे गए हैं।

## किसान स्कूल में 8 अगस्त को मनेगा 'प्रकृति राखी' का पर्व

**बहेराडीह।** छत्तीसगढ़ में रक्षाबंधन का पर्व भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व रखता है और ग्लोबल वार्मिंग की इस दौर में जिले के जैविक कृषि ग्राम बहेराडीह में स्थापित देश के पहले किसान स्कूल में यहां की बिहान की महिलाएं पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़-पौधों को अपना भाई मानकर उन्हें राखी बांधती हैं और रिश्तों को एक नया आयाम दे रही हैं। वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि यहां की बिहान की महिलाएं पिछले चार साल से रक्षाबंधन का पर्व पर पेड़ों के तने और टहनियों पर राखी बांधकर 'प्रकृति राखी' पर्व मना रही हैं। बहेराडीह के बिहान की महिलाओं का मानना है कि जिस प्रकार भाई अपनी बहनों की रक्षा करते हैं, उसी प्रकार पेड़ भी निरंतर सभी को आक्सीजन देकर सभी की रक्षा कर रहें हैं, इसलिए वे इस तरह से रक्षाबंधन पर्व के एक दिन पूर्व प्रकृति राखी पर्व का आयोजन करके पेड़ों को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का लोगों को सन्देश दे रहीं हैं। महिलाओं ने पेड़-पौधों के संरक्षण से जोड़ने का विचार बनाया, ताकि पर्यावरण का संरक्षण करने के लिए लोग और भी ज्यादा प्रेरित हों। इस बार रक्षा बंधन पर्व के एक दिन पूर्व गत वर्ष की भांति 8 अगस्त को वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह में प्रकृति राखी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस 'प्रकृति राखी' पर्व में पिछले साल की भांति इस बार भी देश के जवान भी शामिल होंगे।



उप पंजीयक को ज्ञापन सौंपते अधिवक्तागण।

# पोर्टल में पंजीयन को लेकर आ रही दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

**खास बात**

- माई डीड वेब मे अधिवक्ताओं का नाम प्रारूपकर्ता में शामिल करने राज्यपाल के नाम सौपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पंजीयन हेतु लगातार वेब पोर्टल में संशोधन किया जा रहा है। शासन द्वारा जारी पूर्व के पोर्टल में पंजीयन हेतु प्रस्तुत दस्तावेज के प्रारूप कर्ता में नागरिक ,अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लेखको का नाम शामिल था किंतु वर्तमान में माई डीड वेब के नाम से पोर्टल जारी किया गया है जिसमें प्रारूप कर्ता के स्थान पर केवल दस्तावेज लेखक का नाम ही दिया गया है सिटीजन एवं अधिवक्ताओं को वंचित कर दिया गया है तथा प्रारूप कर्ता में सिर्फ दस्तावेज लेखक का नाम होने से आम नागरिकों को भूमि पंजीयन हेतु विक्रय पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने में परेशानी हो रही है। इन सब समस्याओं को देखते हुए तहसील अधिवक्ता संघ चांपा के द्वारा माई डीड वेब पोर्टल में प्रारूप कर्ता के रूप में दस्तावेज लेखक के साथ नागरिक एवं अधिवक्ताओं का नाम जोड़े जाने हेतु ज्ञापन महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़ शासन के नाम से उप पंजीयक चाम्पा को ज्ञापन सौंपा है, जिसकी प्रतिलिपि वित्त मंत्री एवं राजस्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन रायपुर तथा जिला कलेक्टर एवं जिला रजिस्ट्रार जांजगीर चांपा को दी गई। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से अधिवक्ता संघ चाम्पा के अध्यक्ष भीमन थवाईत सचिव प्रहलाद राठौर कोषाध्यक्ष मनोज जायसवाल अशोक बघेल हीरामन कुर्मी सुमत देवांगन योगेश दुबे श्रीमती मंजूषा तिवारी नेहा जैन गणेश श्रीवास लकेश्वर केवट अधिवक्तागण उपस्थित थे इसकी जानकारी अधिवक्ता संघ चाम्पा के अध्यक्ष द्वारा दी गई।

## शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने पोषक शालाओं में सम्पर्क अभियान

**खरौद।** शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद का उच्च शिक्षा में गुणवत्ता बढ़ाने एवं नई शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन हेतु पोषक विद्यालयों में संपर्क अभियान प्रारंभ हो चुका है। जहां वे अपने महाविद्यालय में मौजूद संसाधन जिसमें समृद्ध प्रयोगशाला, विशाल खेल का मैदान, उत्कृष्ट पुस्तकों से सुसज्जित ग्रंथालय, राष्ट्रीय सेवा योजना और अनुभवी शिक्षकों द्वारा सामाजिक मूल्य एवं रोजगार प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की नुस्खे एवं संसाधन की बातें छात्र, छात्राओं को बताई जाएगी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. सी. भारद्वाज सहित नेप के संयोजक प्रोफेसर रमेन्द्र लहरे, प्रोफेसर संजीव कुमार सिंह सहित महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इस दौरान खरौद, शिवरीनारायण और लोहर्सी स्थित विद्यालयों का भ्रमण कर नई शिक्षा नीति की महत्वपूर्ण योजना को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जी. सी. भारद्वाज ने दी है।

# आत्मानंद का निरीक्षण, भोजन व खेल सामग्री को लेकर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- शासकीय संस्थानों की व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से भाजपा नेता चला रहे औचक निरीक्षण अभियान



निरीक्षण करने स्कूल पहुंचे भाजपा नेता।

भारतीय जनता पार्टी मंडल चांपा द्वारा इन दिनों नगर के शासकीय संस्थानों की व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से एक विशेष औचक निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत भाजपा के लगभग 8 से 10 नेताओं की एक टीम नगर के विभिन्न शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की हकीकत का जायजा ले रही है। इसी कड़ी में बीडीएम अस्पताल का निरीक्षण करने के पश्चात दूसरे दिन भाजपा नेताओं की टीम चांपा स्थित आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पहुंची। निरीक्षण के दौरान नेताओं ने स्कूल परिसर, कक्षाएं, रसोईघर, खेल मैदान आदि का अवलोकन किया एवं अध्ययनरत बच्चों से पढ़ाई, भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर सीधी बातचीत की। बच्चों ने बातचीत में बताया कि स्कूल में दिए जा रहे मिड-डे मील (मध्याह्न भोजन) में चावल, दाल और सब्जी सही से नहीं पकती, जिससे खाने में कठिनाई होती है। साथ ही बच्चों ने यह भी शिकायत की कि उन्हें खेल सामग्री उपलब्ध तो है, परंतु खेलने की अनुमति या अवसर नहीं दिया जाता। निरीक्षण के दौरान भाजपा नेताओं ने कई अन्य खामियों को भी चिन्हित किया। स्कूल परिसर में साफ-सफाई की स्थिति असंतोषजनक पाई गई, वहीं शिक्षकों की उपस्थिति व शैक्षणिक अनुशासन में भी सुधार की आवश्यकता जताई गई। भाजपा के इस औचक निरीक्षण अभियान में पार्टी के रामवल्लभ सोनी, किशोर गोदेजा, पार्षद टीकम कंसारी, किशोर मोदी, नरेन्द्र ताम्रकार, पिताम्बर अग्रवाल, सुभाष शर्मा तथा सुधीर गर्ग शामिल थे।

## शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय राहौद में किया गया पौधा वितरण

**राहौद।** शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय राहौद में पौधा वितरण किया गया। साथ ही औषधि पौधे का रोपण किया गया। इस दौरान आयुष चिकित्सा अधिकारी ने पौधे के औषधीय पौधा के गुण की जानकारी दी। आयुष विभाग छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार व जिला आयुर्वेद अधिकारी के निर्देशानुसार शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय राहौद में आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. पायल शर्मा के नेतृत्व में पौधा वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। नगरवासियों को झ प्रजातियों के औषधि पौधा का वितरण किया गया। आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ.पायल शर्मा ने पौधे के औषधीय पौधा के गुण की जानकारी दी तथा इन औषधि पौधा रोपण कर देखभाल करने लोगों को प्रेरित किया। वहीं इस दौरान औषधालय परिसर में औषधि पौधा का रोपड़ किया गया। इस अवसर पर फार्मासिस्ट कमल कुर्रे,औषधालय सेवक बलराम कुर्रे, योग प्रशिक्षक सुकदेव श्रीवास, पीटीएस दिले सिंह राज व नगरवासी मौजूद।





# किसानों को विस्तार से सम्मान निधि के बारे में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा





कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा राज्य के राज्य विपणन प्रबंधक आशुतोष चंद्राकर के मार्गदर्शन में मदन मोहन बाजपेई कनिष्ठ क्षेत्रीय प्रतिनिधि द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर 2025 को पी. एम. किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त वितरण के तत्वाधान में प्रधानमंत्री समृद्धि केंद्र, खोखरा में 11 बजे पूर्वाहन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिव राठौर कृषि विकास अधिकारी जिला जांजगीर चांपा रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजेंद्र कुमार अग्रवाल एवं देवेंद्र कश्यप समेत जांजगीर जिले के लगभग 65 किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित सभी अतिथियों का परिचय करते हुए पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को वाराणसी द्वारा प्रधानमंत्री के प्रातः 11 बजे वाराणसी उत्तर प्रदेश से उद्बोधन के सीधा प्रसारण को दिखाया गया जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा पी.एम.किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त के तहत 9 करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों को 20, 500 करोड़ रुपए की सम्मान राशि हस्तांतरण के बारे में विस्तार से बताए है। कृभको प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित किसानों को विस्तार से सम्मान निधि के बारे में बताया गया एवं कृभको के जैविक उत्पादों जैसे राइजोसुपर, एन. पी. के. कंसोर्टिया, कंपोस्ट एवं जैविक पोटाश के बारे में विस्तार से बताया गया। मृदा में जैविक तत्वों के कमी के कारण उत्पादन में होने वाली कमी के कारण एवं निदान के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में क्षेत्रीय प्रतिनिधि कृभको द्वारा सभी अतिथियों एवं किसानों का आभार व्यक्त करते हुए जलपान के लिए आमंत्रित किया।

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की जिला कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला सक्ती की कार्यकारिणी का गठन 1 अगस्त को सियान सदन में हुआ। इस दौरान गठित कार्यकारिणी में प्रमुख संरक्षक रमेश तिवारी, जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज, संरक्षक विजय बहादुर सिंह, खगेश कुमार पटेल, भोला शंकर तिवारी, कार्यकारी जिला संयोजक राधेश्याम साहू, उप संयोजक विकास चौबे को बनाया गया है।

वहीं जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संतोष सोनी, बंसी बिहारी सिंह बनाफर, यशवंत पटेल, सुरेश जयसवाल, महासचिव रवि बघेली, कोषाध्यक्ष वाईआरएस मांडलेकर, सचिव संजय गबेल, सह सचिव रामगोपाल थवाईत, रमेश देवांगन, पिललाल पटेल, विजय खूंटे, भोलाशंकर साहू, जिला प्रवक्ता प्रदीप बंजारे, मीडिया प्रभारी खेलन खूंटे, चंद्र प्रकाश तिवारी, रविंद्र नाथ मिश्रा, महिला प्रकोष्ठ जिला संयोजिका श्रीमती पार्वती खूंटे, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य श्याम कुमार सोने, अशोक कुमार राठौर, जय किसान उरांव, टीकाराम सारथी, अरुण सोनवानी, नीलकंठ साहू, विरेन्द्र धिरहे, सिकंदर खूंटे, नोंकार जायसवाल, मनोज राठौर, अशोक चौहान, निखिल खूंटे, लितेन कुमार दुबे, संजीव कुमार साहू, नंद कुमार डनसेना, शांतिलाल यादव, बृजेश कुमार श्रीवास्तव, योगेश महेश, श्याम लाल यादव, संतोष कुमार राठौर, पेंशनर प्रकोष्ठ जिला संयोजक तुलसीराम राठौड़, जिला संयोजक स्वास्थ्य विभाग शत्रुघ्न केवट, बंशीलाल देवांगन, चंद्रिका प्रसाद डनसेना, रघुनंदन प्रसाद राठौर उपस्थित थे ।

मतदान की पद्धति से छात्र संघ अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ,हेड बॉय एवं हेड गर्ल का किया गया चयन

# विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र संघ परिषद का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



छात्रसंघ परिषद गठन के दौरान उपस्थित शिक्षक व छात्र।

विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में छात्र संघ परिषद का गठन किया गया। जिसमें प्रथम पाली में कक्षा 9वीं से 12वीं एवं द्वितीय पाली में 3री से 8 वीं के सभी विद्यार्थियों के द्वारा मतदान की पद्धति से छात्र संघ अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, हेड बॉय एवं हेड गर्ल का चयन किया गया। सभी कक्षाओं में कक्षा नायक और उप नायक के लिए मनोनय होता है।

प्रथम पाली में कक्षा 9 वीं से 12वीं तक के 798 विद्यार्थियों ने मतदान में भाग लिया। इसी तरह द्वितीय पाली में कक्षा तीसरी से आठवीं तक के 523 विद्यार्थियों ने मतदान में हिस्सा लिया। कई विद्यार्थियों ने नोटा का भी उपयोग किया। प्रथम पाली में शाला नायक के लिए अभय सिंह, संस्कार त्रिपाठी और यश शर्मा चुनाव में प्रत्याशी थे। शाला नायक अभय सिंह को सबसे अधिक वोटों से चुना गया। उपशाला नायक के लिए काजल बरेठ, स्वप्निल सिंह, मेहुल शर्मा और लोकेश साहू के बीच कड़ी टक्कर थी, जिसमें काजल बरेठ उपशाला चुनी गई। हेड बॉय के लिए मयंक कश्यप चुने गए। लवतिश सिंह दूसरे और सिद्धांत तिवारी तीसरे स्थान पर रहे, सक्षम केवट सूरज यादव और लकी दुबे ने भी नामांकन भरा था। हेड गर्ल में भूमि राठौर का चयन हुआ। हेड गर्ल के लिए भावना देवांगन, प्रियांशी सिंह और मानशी खर्षण ने भी नामांकन भरा था। दोपहर की पाली में शाला नायक के लिए तुषार थवाईत, प्रिंसी यादव और नव्या राठौर के बीच चुनाव हुआ। जिसमें तुषार थवाईत शाला नायक चुने गए। उप शाला नायक के लिए विनय रजक, प्रसिद्धि तिवारी, भूपेंद्र पाण्डेय और जय श्री खर्षण के बीच हुए चुनाव में विनय रजक ने बाजी मारी। हेड ब्वाय मिथलेश साहू चुने गए। हेड ब्वाय के लिए मिथलेश साहू, अभिषेक यादव, यशवंत धीवर, समीर कुम्हार ,प्रसन्न कर्ष ,नमन अग्रवाल ,प्रभात श्रीवास और अनमोल पाण्डेय ने भी चुनाव लड़ा था।दोपहर की पाली में हेड गर्ल आभ्या राव चुनी गई। हेड गर्ल के लिए आभ्या राव , आध्या यादव, दीप्ति साहू ,सुगम जाटवर और ज्योति सिंह ने भी नामांकन भरा था। विद्यालय के प्राचार्य मनोज पाण्डेय ने छात्र संघ परिषद के निर्वाचन में भाग लिए सभी विद्यार्थियों के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त की और चुने गए पदाधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

